मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर– 342003

दिनांकः 21 अक्टुबर 2014

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	21-10-14	22-10-14	23-10-14	24-10-14	25-10-14
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	37	37	37	36	36
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	18	18	18	17	17
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	0	0	0	0	0
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	30	31	27	27	25
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	15	15	15	14	14
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	6	4	5	5	7
हवा की दिशा	दक्षिण–पूर्व	दक्षिण–पूर्व	पूर्व–दक्षिण–पूर्व	पूर्व	पूर्व–उत्तर–पूर्व

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाह :

किसान भाई खरीफ फसल की कटाई के बाद मिट्टी की जांच कराऐं और उसके आधार पर रबी फसल में उर्वरक की मात्रा दें।

रबी की फसल के लिए खेत तैयार करते समय 5 से 10 टन गोबर की खाद अन्तिम जुताई के साथ दें।

खेत में दीमक व भूमिगत कीड़ों की रोकथाम हेतु अन्तिम जुताई के समय क्यूनालफास 1.5 प्रतिशत चूर्ण 25 किला प्रति हैक्टेयर की दर से मिट्टी में मिलाऐं।

किसाना को सलाह दी जाती है कि सरसों की बुवाई के लिये समय उपयुक्त है। अतः उन्नत किस्मों बायो–902, आर.एच.–30, आर.एच–819, टी–59 की बुवाई करें।

पशुओं को खुरपका–मुंहपका का टीका अवश्य लगवाऐं। नवजात बच्चों को खीस (कोलस्ट्रम) अवश्य पिलाएं।